卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 150 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦6 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम के पास स्थित सरकारी जमीन पर जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाओ अभियान से अवैध सरकारी भूखण्ड पर लम्बे समय से तमाम लोग झोपड़ियां डालकर रह रहे थे। चुका था। बीते दिनों प्रशासन ने भूखण्ड को खाली करने के लिए मुनादी करायी






आज पुलिस प्रशासन ने भारी फोर्स के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर दर्जनों झोपड़ियों और दुकानों को कब्जेदारों में हड़कम्प मच गया। अतिक्रमणकारी खुद अपना सामान समेटने लगे। बता दें नगर निगम के पास साथ ही यहां पर कई अस्थाई दुकानें भी चल रही थी। पूर्व में प्रशासन यहां पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर थी लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ जिस पर आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी भारी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## शूटिंग के दौरान घायल हुए अमिताभ बच्चन

मुंबई(उद संवाददाता)। महानायक अमिताभ बच्चन एक फिल्म की शूटिंग के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए।खुद अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर ये



जानकारी दी है। ब्लॉग पर अमिताभ बच्चन ने कहा कि 'हैदराबाद में एक फिल्म प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान एक्शन सीन शूट किया जा रहा था। उसी दौरान वह घायल हो गये। उनकी पसली की कार्टिलेज टूट गई है और दाईं पसली केज की मांसपेशी में भी चोट आई है। शूटिंग कैंसल कर दी गई है। हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में स्कैन भी हो गया है। अमिताभ बच्च ने लिखा है कि अब वापस घर लौट आया हूं। चलने फिरने पर बहुत दर्द हो रहा है। चीजों को सामान्य होने में कुछ समय लगेगा। दर्द के लिए कुछ दवाइयां भी दी गई हैं। जो भी काम किया जाना था उसे फिलहाल के लिए होल्ड कर दिया गया है। जब तक हालत सामान्य नहीं होती तब हिलना-जुलना नहीं है।'

## ग्लोबल इंडिया के सभी खाते होंगे फ्रिज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ग्लोबल इंडिया द्वारा युवाओ के साथ किए गए लाखों के फ्रॉड के संबंध में प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में ग्लोबल इंडिया के सभी



फ्रेंचाइजी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी से मिले। मंजू नाथ टी सी ने सारी बात को सुनने के बाद ग्लोबल इंडिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और ग्लोबल इंडिया के सभी खातों को फ्रिज करने का भी निर्देश दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की चरस के साथ अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे द्वारा गठित टीम ने प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एमपी सिंह के नेतृत्व में एक अर्न्तर्राज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लाखों रूपये कीमत की करीब 4.500 किलो अवैध चरस बरामद की गयी। गिरफ्तार तस्कर ने पूछताछ में बताया गया कि वह मुक्तेश्वर के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से चरस लाकर मैदानी क्षेत्रों को सप्लाई करता हैं। गिरफ्तार तस्कर पूरन सिंह पुत्र शोभन सिंह, निवासी ग्राम करोड़ पोस्ट पटरानी थाना मुक्तेश्वर, जनपद नैनीताल अपने एक साथी के साथ मिलकर सुदूरवर्ती गाँव गुण्यारो, अमजग और सुकोट आदि से कम दामों में चरस लाकर इकट्ठा करते थे फिर उसे ऊचे



दामों में मैदानी क्षेत्रों में सप्लाई कर मोटा मुनाफा कमाते थे। एसटीएफ इसके दूसरे साथी की तलाश कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ बताया कि उत्तराखंड के पहाड़ी जनपदों में हो रही ड्रग तस्करी में संलिप्त तस्करों पर एसटीएफ लगातार नजर बनाए हुए थी। इसी क्रम में थाना काठगोदाम जनपद नैनीताल में गिरफ्तार किए गए तस्कर पूरन पर पिछले एक माह से एसटीएफ कुमाऊं की टीम काम कर रही थी। जिसमे सफलता मिली है। गिरफ्तार अभियुक्त पूरन ड्रग्स का बड़ा सौदागर है जो कि कई वर्षों से पुलिस की आँखों में धूल झोंकते हुए ड्रग्स की सप्लाई कर रहा था। जिसकी आज भारी व्यावसायिक मात्रा के साथ गिरफ्तारी हुई है । एसटीएफ द्वारा उसके विरुद्ध मुकदमा थाना काठगोदाम में एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कराया गया है। साथ ही अब आगे इस बात की जानकारी की जा रही है कि इस तस्कर को ये ड्रग्स की सप्लाई कहाँ से आती है और किसे दी जाती थी। इस पर टीम आगे काम कर रही है। हमारी टीम द्वारा दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में कड़ी मेहनत से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है। गिरफ्तार करने (शेष पृष्ठ सात पर)

## कनिष्ठ सहायक परीक्षा में भी हुई धांधली:कापड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उपनेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी ने प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर सरकारी भर्तियों को लेकर एक बार फिर निशाना साधते हुए सरकार पर युवाओं के साथ धोखा करने और युवाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाया है। सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कापड़ी ने कहा कि कल हुई कनिष्ठ सहायक भर्ती में भी धांधली सामने आयी है। सरकार जिससे साबित हो चुका है कि सरकार का नकल विरोधी कानून धांधली रोकने के लिए नहीं बल्कि धांधली के खिलाफ आवाज उठाने वालों को कुचलने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि



कनिष्ठ सहायक परीक्षा मे पहली बार एक परीक्षा के चार अलग-अलग पेपर सेट होने के बावजूद प्रश्न एक से लेकर 100 तक समान क्रम में थे। उन्होंने कहा कि कुछ विशेष अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि कई जगह पेपर की सील टूटे की शिकायतें भी सामने आयी हैं। कई अभ्यर्थियों के पेपर में सील तक नहीं थी। कई अभ्यर्थियों के प्रश्न पुस्तिका क्रमांक व उत्तर पुस्तिका क्रमांक अलग-अलग थे, जो कि हमेशा समान होते हैं। कापड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए, जो जांच करवाने की बजाय आभार रैलियों में स्कूल के बच्चों को भीड़ का हिस्सा बना रहे हैं। उपनेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही नियुक्तियों में भ्रष्टाचार के मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रही है। हजारों युवा सड़कों पर उतरकर सरकार से सीबीआई जांच की मांग कर चुके हैं। लेकिन उनकी मांग को मानने के बजाय उपर पर बर्बता पूर्वक लाठियां बरसायी गयी। सरकार एसटीएफ से जांच (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो भाईयों ने पड़ोसी महिला पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के मौहल्ला आदर्श कालोनी में दो भाईयों ने मौहल्ले में ही घर में अकेली महिला के कमरे में घुसकर उस पर सरिया से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में निशा पत्नी रहमत अली निवासी वार्ड 36 आदर्श कालोनी ने कहा है कि उसका पति ड्राईवरी करता है और अक्सर घर के बाहर रहता है। 3 मार्च की रात्रि वह घर पर अकेली थी, तभी असगर अली पुत्र स्व. अहमद अंसारी अपने भाई कादर अंसारी निवासी आदर्श कालौनी के साथ उसके घर के अन्दर घुस आया। कादर अंसारी के हाथ में लोहे की सरिया थी। घर मे घुसते ही दोनो ने उसे जान से मारने के इरादे से सिर पर लोहे की सरिया से वार किया। जिससे वह लहू-लुहान होकर जमीन पर गिर गई। जिसके बाद भी इन दोनो ने लात-घूसो से मारना जारी रखा और उसे बेसुध कर दिया। शोर शराबा सुनकर आस-पास के लोग आ हो गये, तो ये लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नगर निगम के वातानुकूलित साउंडप्रूफिंग सभागार का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम के नवनिर्मित वातानुकूलित साउंड प्रूफिंग सभागार का मेयर रामपाल सिंह ने आज विधिवत पूजा अर्चना के साथ उदघाटन किया। इस अवसर पर नये सभागार का शुभारम्भ होने पर पार्षदों ने मेयर रामपाल सिंह का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि नगर निगम बोर्ड का सभागार दयनीय हालत में था। इसमें कई कमियां थी जिस कारण बोर्ड बैठक और अन्य कार्यक्रमों में दिक्कतें आती थी। जिसके चलते सभागार को अब वातानुकूलित एवं साउंड प्रूफिंग



बनाया गया है। इससे बोर्ड की मीटिंग के दौरान कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के विकास के साथ साथ नगर निगम कार्यालय को भी सुविधा संपन्न बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में नगर निगम का नया कार्यालय (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेसजनों ने नगर निगम कार्यालय में दिया धरना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी पार्षद व कार्यकर्ताओं ने मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा का घेराव किया और धरना प्रदर्शन किया।महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि नगर निगम में कांग्रेसी पार्षदों के साथ पिछले काफी समय से भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तनेजा ने कहा कि कांग्रेसी पार्षदों के वार्ड में कांग्रेसी पार्षदों द्वारा जो प्रस्ताव दिए जाते हैं उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार और



उनके जनप्रतिनिधि महिला पार्षदों के साथ अन्याय कर रहे हैं। महिला पार्षदों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। महिला पार्षदों को निगम की बैठकों में तवज्जो नहीं दी जा रही है और ना ही उनकी बात सुनी जा रही है। जिससे महिला पार्षदों में रोष व्याप्त है। नगर निगम में विपक्ष के नेता मोनू निषाद ने कहा कि निगम प्रशासन और रुद्रपुर के मेयर अपने चहेते ठेकेदारों को टेंडरो में पूल करवा कर उनको (शेष पृष्ठ सात पर)

# शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा, शुचिता किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं

## पंजीकृत 1,45,239 अभ्यर्थियों में 31187 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि कनिष्ठ सहायक परीक्षा-2022 प्रदेश के 412 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में सामान्य ज्ञान-सामान्य अध्ययन और सामान्य हिंदी के एकल प्रश्न पत्र में कुल 100 प्रश्न पूछे गए थे। समयावधि दो घंटे थी। परीक्षा खत्म होने के बाद आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आया कि प्रश्न पत्र के सभी सीरीज यथा ए,बी, सी और डी में प्रश्नों का क्रमांक भिन्न-भिन्न न होकर एक समान था। प्रश्नों के उक्त क्रम की जानकारी परीक्षा समाप्ति के बाद प्राप्त हुई है। इस संबंध में आयोग की ओर से स्पष्ट किया जाता है कि प्रश्नपत्रों की सभी सीरीज में प्रश्नों का क्रमांक एक समान होने से परीक्षा की शुचिता किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं हुई है। संपूर्ण प्रदेश में परीक्षा पूरी तरह शुचितापूर्ण और निर्विघ्न ढंग से सभी परीक्षा केंद्र में संपन्न हुई है। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र पर आयोग को परीक्षा संबंधी अनियमितता अथवा नकल संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। परीक्षा के बाद विभिन्न माध्यमों से प्रश्न पत्र की सीरीज को आधार बनाकर प्रसारित हो रही सूचनाएं पूर्णतः भ्रामक, निराधार और असत्य है। गौरतलब है कि राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को प्रदेश के 412 परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 1,45,239 अभ्यर्थियों में से 1,14,052 अभ्यर्थियों ने कनिष्ठ सहायक परीक्षा दी। 31187 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि परीक्षा 78.50 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी। उन्होंने सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्विघ्न संपन्न होने का दावा किया। पटवारी-लेखपाल और पीसीएस मुख्य परीक्षा निर्विघ्न संपन्न कराने के बाद रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक विभिन्न विभागों के 445 पदों के लिए कनिष्ठ सहायक परीक्षा आयोजित कराई गई। राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि परीक्षा के लिए प्रदेश में 412 केंद्र बनाए गए थे। वहीं पंजीकृत 1,45,239 अभ्यर्थियों में 31187 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। 114052 (78.50 प्रतिशत) अभ्यर्थियों ने परीक्षा की। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, कैलकुलेटर, ब्लू टूथ डिवाइस समेत अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना पूर्व की भांति प्रतिबंधित रहा। अभ्यर्थियों को बायोमीट्रिक उपस्थिति, स्कैनिंग समेत अन्य जांच प्रक्रियाओं से होकर गुजरना पड़ा। परीक्षा की वीडियोग्राफी भी कराई गई। परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रही।

# एक भी परीक्षा पारदर्शी रूप से नहीं करा पा रहा आयोग : बॉबी पंवार

## कनिष्ठ सहायक की लिखित परीक्षा पर उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने खड़े किए सवाल



देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को आयोजित कनिष्ठ सहायक की लिखित परीक्षा पर उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने सवाल खड़े किए हैं। एकता विहार धरना स्थल पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार आरोप लगाया कि कनिष्ठ सहायक के 445 पदों के लिए हुई इस लिखित परीक्षा में पहली बार देखने में आया कि एक परीक्षा के चार अलग-अलग पेपर सेट होने के बावजूद प्रश्न एक से लेकर 100 तक समान क्रम में थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विशेष अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह नीति अपनाई गई। उन्होंने दावा किया कि कई जगहों पर पेपर की सील टूटे होने के साक्ष्य भी मिले हैं। कई अभ्यर्थियों के पेपर में सील तक नहीं थी। साथ ही एक अभ्यर्थी ने फोन करके सूचना दी कि उसके आगे वाली सीट पर बैठे अभ्यर्थी की ओएमआर की छायाप्रति भी गायब थी। साथ ही कई अभ्यर्थियों के प्रश्न पुस्तिका क्रमांक व उत्तर पुस्तिका क्रमांक अलग-अलग थे, जो कि हमेशा समान होते हैं। बाबी पंवार ने कहा कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, सचिव और समस्त स्टाफ को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए जो एक भी परीक्षा पारदर्शी रूप से नहीं करा पा रहे हैं। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए, जो जांच करवाने की बजाय आभार रैलियों में स्कूल के बच्चों को भीड़ का हिस्सा बना रहे हैं। पूर्व में हुई विभिन्न परीक्षाओं में धांधली के आरोप में बाबी पंवार संगठन के सदस्यों के साथ एकता विहार में धरने पर बैठे हैं। इस मौके पर बेरोजगार नितिन दत्त, रमेश चौहान, सुशील कैंतुरा, हिमांशु, सचिन खन्ना, ऋतु परी, मिनाक्षी चौहान, संदीप कंडारी, अमन चौहान, अनिल, नवीन, आयुष राणा, संदीप चौहान आदि उपस्थित रहे।

## मंगतराम का अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग के लिए चयन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नवाची रोड निवासी मंगतराम गुप्ता का 70 साल की उम्र में अंतराष्ट्रीय वेड लिफ्टिंग के लिए चयन हुआ है। मंगतराम ने बताया कि उन्होंने 16 वर्ष की उम्र से वेड लिफ्टिंग का प्रशिक्षण शुरू कर दिया था। वर्ष 1978 मे लखनऊ मे राष्ट्रीय वेड लिफ्टिग प्रतियोगिता में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा वर्ष 1982 मे कलकत्ता में बैन्च प्रेस में 120 22.5 किग्रा० वजन भार उठाकर रिकार्ड स्थापित किया। अर्थिक स्थिति ठीक न होने कारण अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने का मौका नहीं मिल सका। इसके बाद अपने व्यवसाय करने मे सफल हुआ। अब उसका चयन हुआ है। मंगतराम ने कहा काठमाडू में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतेने का पूरा प्रयास करूंगा। ताकि वह अपने राज्य उत्तराखंड का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा अपनी तैयारिया पूरी कर चुके हैं।

## शासन से की पति डा. यादव की सुरक्षा की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भदईपुरा वार्ड 16 निवासी प्रेमवती यादव ने मुख्यमंत्री सहित मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष, उच्च न्यायालय, एसएसपी, नेता प्रतिपक्ष आदि को पत्र प्रेषित कर अपने पति बसपा नेता डा. शिशुपाल यादव की जान को गंभीर खतरा बताते हुए उनकी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने का आग्रह किया है। प्रेषित पत्र में कहा गया है कि उनके पति डा. यादव ने दो बार बसपा के टिकट से चुनाव लड़ा। उन्हें राजनैतिक प्रतिद्वंदिता व पारिवारिक विवाद में जीवन भय को देखते हुए शासन स्तर से तीन बार सुरक्षा प्रदान की जा चुकी है जीवन पर पुनः खतरा होने पर पति उच्च न्यायालय की शरण गए थे। जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया था। प्रेमवती यादव ने पत्र में पति को पुनः साजिशन झूठे केसों से बचाते हुए न्याय दिलाने व उन्हें सुरक्षा के लिए आदेश पारित कराने का आग्रह किया है। ताकि उनके प्राणों की रक्षा हो सके और भदईपुरा निवासी पार्षद प्रकाश धामी हत्याकांड की पुनरावृति न हो।

## जमीनों का सर्किल रेट बढ़ाना जनहित में: मक्कड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता दलीप सिंह मक्कड़ ने कहा उत्तराखंड सरकार ने जमीनों सर्किल रेट बढ़ाने का जो निर्णय लिया है सभी के लिए लाभकारी है। क्योंकि अगर गरीब आदमी ने लोन लेना है तो जमीन वैल्यू के आधार पर मिलता है। चाहे घर बनाना है या दुकान या फैक्ट्री लगानी है या भले बिजनेस बेस पर कामर्शियल कराना पड़ता लेकिन जमीन वैल्यू के आधार पर कर्ज मिलते है। श्री मक्कड़ ने कहा कोई किसान या व्यापारी या फैक्ट्री मालिक बैंक का कर्ज नहीं दे पाता है तो बैंक उस जमीन को कुर्क कर लेता है। जमीनों के सर्किल रेट ठीक नहीं होंगे तो सभी किसान, व्यापारी और फैक्ट्री मालिक इन सभी वर्गों का भारी नुकसान हो जाता है। मक्कड़ ने किसी भी वर्ग को कोई नुकसान नहीं है बेवजह विरोध नहीं करना चाहिए। सर्किल रेट का राजस्व भी बढेगा।

# महंगी जांचों के लिए रोगियों को भेजा जा रहा है पैथोलॉजी लैब!

काशीपुर(उद संवाददाता)। राजकीय चिकित्सालय में उपचार के नाम पर लूटपाट का खेल बदस्तूर जारी है। यहां ओपीडी में बैठे चिकित्सक रोगियों के उपचार के नाम पर उन्हें महंगी जांचों के लिए बाहर भेज कर कमीशन के रूप में मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। खबरें कई बार प्रकाशित होने के बावजूद कार्यवाही का ना होना इस बात को दर्शाता है कि कहीं ना कहीं स्वास्थ्य महकमे के उच्चाधिकारी भी गैरकानूनी खेल में हमसाज हो सकते हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले लंबे समय से राजकीय चिकित्सालय में ओपीडी करने वाले कुछ डॉक्टर रोगियों के उपचार के नाम पर उनका खून चूसने का काम कर रहे हैं। यानी सरकार एक ओर जहां स्वास्थ्य सेवाओं को और सहज बनाने के लिए नित नए प्रयास में जुटी है वही राजकीय चिकित्सालय के डॉ सरकार के नियम कायदों को पलीता लगाते हुए खुद की जेबें गर्म करने में लगे हैं। सूत्रों की माने तो राजकीय चिकित्सालय के अंदर स्थित होम्योपैथी विभाग में पिछले लंबे समय से पोस्टेड एक फार्मासिस्ट ने अस्पताल के पिछले हिस्से में अपना मेडिकल स्टोर खोल रखा है। होम्योपैथिक विभाग में आने वाले तमाम रोगियों को अस्पताल के पिछले रास्ते से दवाई के लिए इसी मेडिकल स्टोर पर भेजने का काम किया जा रहा है। इसी तरह अस्पताल के पिछले हिस्से में मेडिकल स्टोर से लगे एक पैथोलॉजी लैब के द्वारा सरकार के राजस्व को जमकर हानि पहुंचाई जा रही है। उक्त पैथोलॉजी लैब से जुड़े लड़के सुबह सवेरे से ओपीडी तथा होम्योपैथिक विभाग के आसपास चक्कर लगाने लगते हैं। चिकित्सकों द्वारा रोगियों को महंगी जांचों के लिए इस पैथोलॉजी लैब तक भेजने का काम किया जा रहा है। इसी तरह अस्पताल के मुख्य द्वार के समीप स्थित एक अन्य पैथोलॉजी लैब से भी महंगी जांचों के नाम पर जमकर दलाली की जा रही है। राजकीय चिकित्सालय मैं पिछले कई वर्षों से कार्यरत एक चिकित्सक ने तबादला ना होने को लेकर महकमे को सुनियोजित तरीके से गुमराह करने का काम किया। सूत्रों का कहना है कि उक्त चिकित्सक द्वारा कुछ ऐसे दस्तावेज रिकॉर्ड में लगाए गए हैं जो पूरी तरह से फर्जी है। समाचार पत्र के माध्यम से जल्द ही उक्त सनसनीखेज खुलासा किया जाएगा।

# कांग्रेस करेगी गैरसैंण मार्च

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 13 मार्च को अदाणी मुद्दे पर गैरसैंण मार्च का एलान किया है। इस संबंध में प्रदेशभर से विधानसभा सत्र के दौरान कार्यकर्ताओं को भराड़ीसैंण पहुंचने का आह्वान किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से एलआईसी, एसबीआई और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह में निवेश के लिए दबाव बनाया जा रहा है। कांग्रेस इसका विरोध करती है। इसके विरोध में देशभर में छह फरवरी से आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी के तहत उत्तराखंड में भी इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा सत्र के दौरान भराड़ीसैंण पहुंचकर विशाल मार्च निकालेंगे और अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इसके लिए सभी जिला, महानगर कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र जारी किया गया है। वहीं पूर्व सीएम एवंवरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश



रावत ने कहा है कि मुझे बेहद खुशी है कि उत्तराखंड कांग्रेस 13 मार्च, 2023 को भराड़ीसैंण कूच कर रही है और श्री पुष्कर सिंह धामी सरकार से पूछने जा रही है, कहां है आपकी ग्रीष्मकालीन राजधानी? कहां खर्च किये हैं आपने वह 25 हजार करोड़ रुपए का पैकेज? सड़कों का हिसाब भी लेने जा रही है! अंकिता भंडारी का हत्यारा वह वीआईपी कहां छुपा पड़ा है, वह भी पूछने जा रही है? भर्तियों में हो रहे घोटालों के घोटालों से जुड़े भाजपाइयों के चेहरों का पर्दाफाश भी करने जा रही है और भी ज्वलंत समस्याएं हैं, जिसमें महंगाई व बढ़ती हुई बेरोजगारी है, यह सब मुद्दे उछलेंगे। मुझे विश्वास है उत्तराखंड के गन्ना किसानों का दर्द भी 13 मार्च को भराड़ीसैंण में छलकेगा, सदन के अंदर भी और बाहर भी कांग्रेस की ललकार गूंजेगी और उसके साथ गूंजेगा पूरा उत्तराखंड का दर्द व आक्रोश। मैं, देहरादून से सांकेतिक उपवास के माध्यम से 13 मार्च, 2023 को कांग्रेस की इस ललकार के साथ अपनी भावनाएं भी जोड़ूंगा।

## उत्तराखंड में आयुष्मान कार्ड धारकों का आंकड़ा 50 लाख पार


देहरादून। प्रदेश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 23 सितंबर 2018 से लागू हुई और अटल आयुष्मान योजना का संचालन 25 दिसंबर 2018 से शुरू हुआ था। पांच लाख तक निशुल्क इलाज की सुविधा देने के लिए प्रदेश के 50 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और राज्य सरकार की अटल आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश में कार्ड धारकों का आंकड़ा 50 लाख पार हो गया है। देहरादून जिले में सबसे अधिक 10.47 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जल्द ही शत प्रतिशत लाभार्थियों के कार्ड बनाने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। पांच लाख तक निशुल्क इलाज की सुविधा देने के लिए प्रदेश के 50 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। प्रदेश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 23 सितंबर 2018 से लागू हुई और अटल आयुष्मान योजना का संचालन 25 दिसंबर 2018 से शुरू हुआ था। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। जिससे वर्तमान में 50 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अपर सचिव अरूणेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अभी तक 50 लाख से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। सभी लोगों को आयुष्मान योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। जिन लोगों ने अभी तक अपने कार्ड नहीं बनाए हैं वे जन सेवा केंद्रों पर जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं।

## बोतल में पेट्रोल देने पर लगाया 5000 रु. जुर्माना

गदरपुर(उद संवाददाता)। बोतल में पेट्रोल देने के मामले में प्रशासन द्वारा पूर्ति निरीक्षक हरीश चंद्र ने संज्ञान लेते हुए मुख्य मार्ग स्थित पेट्रोल पंप पर जाकर जांच की तो जांच पड़ताल में पेट्रोल पंप से बोतल में पेट्रोल ले जाने की पुष्टि व दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल देने की भी पुष्टि हुई थी, इस पर उनके द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए आख्या मांगी थी जिस पर जिला पूर्ति निरीक्षक तेजबल सिंह ने पेट्रोल पंप पर 5000 का जुर्माना लगाते हुए भविष्य में दोबारा गलती ना करने की भी चेतावनी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 28 फरवरी को संपत्ति विवाद में थाने पहुंचे पिता;पुत्र में नोकझोंक हो गई थी यहां से निराश होकर वार्ड नंबर 7 निवासी सरफराज पुत्र तुफैल ने पेट्रोल पंप से बोतल में पेट्रोल लाकर थाने गेट पर अपने ऊपर छिड़क कर आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिस पर थाने में मौजूद होमगार्ड सुभाष चंद्र शर्मा ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत सरफराज पुत्र तुफैल को आग लगने से पहले ही बचा लिया जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था प्रमुखता से छपी समाचार से प्रशासन में हड़कंप मच गया था और बोतल में पेट्रोल देने के मामले में वीडियो भी वायरल हो रहा पूर्ति निरीक्षक हरीश चंद्र ने संज्ञान लेते हुए मौके पर जाकर जांच की जिस पर जिला पूर्ति निरीक्षक तेजबल सिंह ने पेट्रोल पंप पर 5000 का जुर्माना लगाते हुए भविष्य में दोबारा बोतल में पेट्रोल ना देने की चेतावनी दी। उल्लेखनीय हो कि बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को खुलेआम पेट्रोल दिया जाना नियमों का उल्लंघन होने के बावजूद सभी पेट्रोल पंप दोषी हैं जिन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## मसूरी पहुंचे नसीरुद्दीन शाह

मसूरी। बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह रविवार को मसूरी पहुंचे और पारिवारिक मित्रों से मिलकर देहरादून चले गए। वह अपने निजी काम से मसूरी आए थे लेकिन जैसे ही उनके पहुंचने की भनक प्रशंसकों को लगी तो वह नसीरुद्दीन के पास पहुंचे और उनके साथ फोटो ली। इस दौरान नसीरुद्दीन ने भी किसी को निराश नहीं किया। उन्होंने सभी से मुलाकात की और मसूरी की



पहाड़ियों की जमकर तारीफ की। कैंपटी के नागेंद्र राणा और बिंद्रा राणा ने कहा कि नसीरुद्दीन शाह शहर के चमन स्टेट आए थे। बीते 13 फरवरी को नसीरुद्दीन शाह पत्नी रत्ना पाठक शाह के साथ नैनीताल में अपने विद्यालय सेंट जोसेफ कॉलेज पहुंचे थे। उन्होंने लगभग दो घंटे वहां बिताए और पुरानी यादें ताजा की थीं। प्रधानाचार्य ब्रदर हेक्टर पिंटो ने उनका स्वागत किया था।

# शिक्षक अभिभावक संघ की गोष्ठी आयोजित

हल्दुचौड़(उद संवाददाता)। दौलिया स्थित कंट्रीवाइड इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक अभिभावक संघ की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कंट्रीवाइड इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा नवनियुक्त स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती शिखा शाह का भी स्वागत किया गया व शिक्षक अभिभावक संघ की गोष्ठी भी की गई। पी.टी.एम. में सभी अभिभावको ने भी उनका दिल से स्वागत किया व उनके वार्ड की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की। इस दौरान श्रीमती शिखा शाह ने कहा कंट्रीवाइड इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल के रूप में शामिल होने के लिए वो वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही है और उन्हें बहुत ही सौभाग्य की अनुभूति हो रही है। उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का आश्वासन दिया जो छात्रों को जीवन भर शिक्षार्थी और समाज के उत्पादक सदस्य बनने के लिए प्रेरित और सशक्त करती है। उन्होंने कहा कि वो शिक्षा समाज के मिशन को प्राप्त करने के लिए अपने प्रयासों को करने के लिए अत्यधिक प्रेरित और योग्य कर्मचारियों की सराहना करती है।इस दौरान विधालय प्रबंधक एन.बी भट्ट द्वारा छात्रों के शैक्षिक विकास के साथ साथ उनमें नैतिक मूल्यों का भी समावेश कैसे हो इस पर विस्तार से अभिभावकों के समक्ष अपने विचार रखे और संकल्प लिया कि कंट्रीवाइड इंटरनेशनल स्कूल उत्तम गुणवत्ता की शिक्षा का संप्रेक्षण करेगा और शिक्षा जगत में आदर्श प्रस्तुत करेगा। हर बच्चा एक श्रेष्ठ बालक बालिका हो एक अच्छा बेटा एक अच्छी बेटी हो एक अच्छा नागरिक हो इस निर्माण की प्रक्रिया में विद्यालय प्रबंधन संकल्पित है। इस उपलक्ष में विद्यालय प्रधानाचार्या शिखा शाह व विद्यालय स्टाफ राकेश भट्ट , अंजना ततरारी, पूजा कृष्णा पालीवाल, लक्ष्मी पाटनी, प्रीति जोशी, कमला रौतेला, भावना चंदोला, मनीषा बिरखानी, बबीता राणा, गुंजन चोपड़ा, हेमा भट्ट, व सभी अभिभावक आदि मौजूद थे।



# स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कविता को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जल शक्ति मंत्रालय ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 समारोह में ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विमेन चौंपियन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया, जिस में जिले की कविता गोस्वामी ग्राम प्रधान ग्राम पुरड़ा को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देश की अट्ठारह चयनित विमेन चौंपियंस को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों हेतु विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें ओडीएफ प्लस गांव, गोवर्धन बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा ग्रे-वाटर या मल कीचड़ प्रबंधन के अंतर्गत पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें श्रीमती कविता गोस्वामी को ओडीएफ मॉडल विलेज की श्रेणि में पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह शेखावत जल शक्ति मंत्री भारत सरकार,विश्वेश्वर टूडू राज्यमंत्री जल शक्ति मंत्रालय, प्रहलाद सिंह पटेल राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार, देवु सिंह चौहान राज्यमंत्री संचार मंत्रालय भारत सरकार, विनी महाजन सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंकज कुमार, सचिव जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा कार्यक्रम में राज्य की ओर से अनुराधा पाल जिलाधिकारी मौजूद रहीं। वही राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के पहाड़ी जिले में तैनात जिलाधिकारी की प्रगति आख्या और युवाओं और विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए उन्हें बधाई दी। साथ ही कुशल प्रशासक के रूप में युवा अधिकारी की कार्यशैली की प्रशंसा की।



# देवभूमि पत्रकार यूनियन ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया

## जिलाध्यक्ष अशोक गुलाटी ने दी होली की शुभकामनायें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि पत्रकार यूनियन की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार शाम गगनज्योति बारात घर में किया गया। इस अवसर पर यूनियन के सभी सदस्यो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुलाटी ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का पर्व खुशी और उमंग का पर्व है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व बुराईयों को त्यागने और समाज को एक सूत्र में बंधने का संदेश देता है। उन्होंने इस बात पर चिंता जतायी कि आज पत्रकार एकजुट होने के बजाय लगातार बिखरते जा रहे हैं। होली मिलन के कार्यक्रम पत्रकारों द्वारा अलग अलग किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जिले में वर्ष में एक आयोजन ऐसा होना चाहिए जिसमें सभी संगठनों से जुड़े पत्रकार एक मंच पर आयें और पत्रकारिता की ताकत को मजबूत करने की पहल करें। श्री गुलाटी ने कहा कि आज पत्रकारों में बिखराव के कारण ही पत्रकारों का शोषण और उत्पीड़न हो रहा है। पुलिस प्रशासन गिने चुने पत्रकारों को ही तवज्जो देता है। जबकि छोटे और मझले अखवारों के पत्रकारों की उमेशा उपेक्षा की जाती है। श्री गुलाटी ने कहा कि जिले में आज पत्रकारों को एकजुट होने की जरूरत है तभी भविष्य में पत्रकारिता मजबूत होगी। इस अवसर पर गुलाटी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए शीघ्र ही जिले में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही नई इकाईयों का गठन भी किया जायेगा। होली के बाद कुछ इकाईयों का गठन करने के साथ ही आगामी पत्रकारिता दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन भी आपसी विचार विमर्श के बाद किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन संगठन के अशोक सागर ने किया। कार्यक्रम में होली मिलन कार्यक्रम में परमपाल सुखीजा, जगदीश चन्द्र, सुरेन्द्र गिरधर, गोपाल भारती, गोपाल गौतम, पवन अग्रवाल, अजय अनेजा, प्रमोद कुमार, नरेन्द्र सिंह, अमन सिंह, पंकज बत्रा, सुनील बिष्ट, राजू जोशी आदि मौजूद थे।



# केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने किया निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने रविवार को शांतिपुरी नंबर 4 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। श्री भट्ट ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा पेयजल एवं ग्रे वाटर मैनेजमेंट कार्य की समीक्षा की। श्री भट्ट ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम खमियां नंबर 4 ग्राम समूह पेयजल योजना जिसकी अनुमानित लागत 476 लाख है का निरीक्षण किया। इस योजना के अंतर्गत 200 किलो लीटर क्षमता का 26 मीटर ऊंचा वाटर टैंक और एक नलकूप तथा पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है श्री भट्ट ने बताया कि 90 और 10 के अनुपात में केंद्र की योजना लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए जाने को लेकर बेहद तेज गति से चल रही है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्वक कार्य करते हुए तेजी से इस योजना को पूरा कर जल्द से जल्द क्षेत्र में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के निर्देश दिए। श्री भट्ट ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ग्राम समूह पेयजल योजना खमियां नंबर तीन एवं चार में लगभग 3500 जनसंख्या और 600 परिवार शुद्ध पेयजल से लाभान्वित होंगे तथा 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन मानव की दर से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।



# पर्वतीय समाज ने मनाई बैठकी होली

गदरपुर(उद संवाददाता)। पर्वतीय उत्थान समिति के सहयोग से होली पर्व को यादगार बनाते हुए माता जी के मंदिर सरकारी बाग कैनाल कॉलोनी में होली मिलन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पर्वतीय उत्थान समिति के अध्यक्ष राजू आर्य ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंपा पांडे, उपाध्यक्ष मनोज पांडे ,सचिव मनोज कांडपाल ,बलवंत सिंह, भूपेंद्र सिंह, डॉवनवीन उपाध्याय, पंकज कांडपाल ,बलराम आर्य, प्रकाश पंत,उपसचिव गीता पपोला, हीरा पांडे ,आरती गुप्ता, गरिमा, राजेश पांडे ,श्वेता सिंह, लक्ष्मी पंत आदि ने रंगो के त्यौहार होली पर्व पर कुमाऊनी गीत गाते हुए खूब रंग जमाया।



# होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा नेता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंजीनियर दिनेश सिंह नगर उपाध्यक्ष भाजपा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हल्द्वानी के विभिन्न संगठनों के लोगों सहित भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, लाल कुआं के विधायक मोहन बिष्ट, मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष दिनेश खुल्बे, हरि मोहन अरोरा, राजेंद्र अग्रवाल, प्रदीप जनोटी,



जिला सह आईटी संयोजक मनीष पाल, संदीप कुकसाल, रविन्द्र वाली, उत्तरी नगर मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, मनोज अग्रवाल, भुवन आर्या, भुवन जोशी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका जीना, संजीव कुंवर, जिला ओबीसी अध्यक्ष महेंद्र कश्यप, नगर महामंत्री पंकज अधिकारी, मधुकर श्रोत्रीय, योगेश राजौर, कन्हैया जयसवाल आदि लोग उपस्थित हुए।

# रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने धूमधाम से मनाई होली

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रंग बरसे भीगे चुनर वाली,जोगी जी हमें भुला दो, जैसे होली गीतों पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया और गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। मौका था रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम का। यह कार्यक्रम शुभ डेल्स कॉलोनी के मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान जमकर गुलाब अबीर रंग उड़ा और महिलाएं



होल्यार पूरी तरह रंग में सराबोर नजर आई। कार्यक्रम में रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन की महिला अध्यक्ष चंद्र कला राय,दीपा राय,सुमन मिश्रा,अर्चना राय, अंजू सिंह,पिंकी डिमरी,दीपा मोदी,मधु सिंह,पूनम यादव छवि अग्रवाल,मोना गोस्वामी,शशि दीक्षित,देवकी बिष्ट,रजनी भंडारी आदि मौजूद थी।

# होली गायन में जमकर थिरके होलियार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।31वीं वाहिनी पीएसी परिसर स्थित मंदिर से होली का शुभारम्भ शहर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कॉलोनी की महिलाओं द्वारा मंदिर में रंग चढ़ा कर महिला होली का गायन किया गया उसके बाद होली मिलन कार्यक्रम बहुत ही हर्ष के साथ मनाया गया। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल ,पूर्व पार्षद महेंद्र



आर्य,जानकी बुआ ,पंपा नगरकोटी, उमा जोशी, भजना जोशी, कमला बिष्ट,प्रभात सिंह मेहरा, कमला भंडारी, पुष्पा जोशी, शांति सिंह , लीला कांडपाल ,ममता वर्मा, उषा जोशी, सरस्वती जोशी ,गीता देवी, कमल राणा ,विक्रम, ऋषभ गुप्ता ,मनोज यादव ,सुदीप ठाकुर, बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# पुष्प प्रदर्शनी में आईआईटी रूड़की ने जीती 'रनिंग ट्रॉफी'

## राजभवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

देहरादून(उद संवाददाता)। राजभवन देहरादून में तीन दिन तक चले वसंतोत्सव-2023 का रविवार को समापन हो गया। देहरादून का सांस्कृतिक आयोजन बन चुके वसंतोत्सव के इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों की प्राकृतिक सुंदरता और अन्य कार्यक्रमों का आनंद लिया। वसन्तोत्सव-2023 में इस वर्ष की चल वैजयंती (रनिंग ट्राफी) आईआईटी रूड़की को मिली। इस वर्ष आईआईटी रूड़की को 13 श्रेणियों में, आदि श्रेणियों के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। (विस्तृत सूची संलग्न है।) इस अवसर पर राज्यपाल ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा कमल कांत शर्मा के सहयोग से बनाये गए डिजिटल एप का राज्यपाल ने कहा कि संकल्प से सिद्धि और फूलों से समृद्धि के मंत्र के साथ आगे बढ़कर देहरादून को फूलों की राजधानी व उत्तराखण्ड को फूलों का प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि पूरे भारत में पुष्पों की जरूरत उत्तराखण्ड पूरी होगा।उन्होंने कहा कि कृषि बागवानी और पर्यटन विभाग के क्षेत्र से उत्तराखण्ड में समृद्धि, खुशहाली आयेगी। हमें अपने उत्पादन को बढ़ाकर आर्थिक क्रांति लानी है। उत्तराखण्ड की फसलें अमूल्य धरोहर के समान है, जिनका संरक्षण, संवर्धन एवं विभाग सहित सभी सहयोगी विभागों को इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस वसंतोत्सव-2023 में लोगों ने रिकॉर्ड भागीदारी की है। आने वाले समय में यह उत्सव और भी भव्य महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति का एक अलग ही वरदान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां जीवन देने वाली औषधियां हैं, यहां शहद, घी सहित अन्य उत्पादों की देश एवं विदेशों में भारी मांग है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से किसानों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ-साथ उन्हें मार्केटिंग करने का भी मौका मिलता है।पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, पद्मश्री प्रेमचन्द्र शर्मा, विधायक







ओएनजीसी को 10 श्रेणियों में, उत्तराखण्ड वन विभाग को 03 श्रेणियों में, बीएचईएल को 02 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए। वसंतोत्सव में 16 श्रेणियों की 62 उपश्रेणियों में 186 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किये गये। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पुष्प प्रतियोगिताओं, रंगोली तथा बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता लोकार्पण किया। इस एप का मुख्य उद्देश्य सभी जैविक किसानों को उनके उत्पादों के विक्रय हेतु उपभोक्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करवाना है। वसन्तोत्सव-2023 समापन के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष पुष्प प्रदर्शनी में लोगों का उत्साह और प्रतिभाग देखने लायक रहा। उन्होंने कहा कि इन तीन दिनों में राजभवन के चारों ओर हर्ष व उल्लास का वातावरण था। करे। राज्यपाल ने कहा कि उद्यान विभाग एवं राज्य के किसानों के सम्मिलित प्रयासों ने पुष्प उत्पादन को व्यवसायिक स्वरूप प्रदान किया है। राज्य में पुष्प उत्पादन हेतु विद्यमान अवसरों एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त करते हुए पुष्प उत्पादकों द्वारा इसे विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचाया जायेगा, जो उनकी आय में अपेक्षित वृद्धि में सहायक आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। प्रदेश में जैविक खेती के साथ-साथ एक कदम और आगे बढ़ते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे लोगों को उनके थाली में स्वास्थ्य वर्धक भोजन मिल सके। समापन समारोह में राज्यपाल ने सभी विजेताओं, प्रतिभागियों, तथा प्रदर्शनी के मुख्य आयोजक उद्यान विभाग, संस्कृति रूप लेगा। उन्होंने कहा कि कृषि-उद्यान के क्षेत्र में सरकार नये आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड उद्यायानीकरण, पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में उत्पादन को दोगुना करेगा, जिससे पलायन रोकने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने कई विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। समापन समारोह में कैबिनेट मंत्री सतपाल पुरोला दुर्गेश्वर लाल, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव रणीवर सिंह चौहान, निदेशक उद्यान डा. एच एस बावेजा, निदेशक कृषि गौरी शंकर, अपर निदेशक डॉ.जे.सी.केम, संयुक्त निदेशक डॉ. रतन कुमार, डॉ.सुरेश राम, डॉ.बृजेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में प्रदर्शनी में आये दर्शक भी उपस्थित थे।

# जल कैसे भरूं ,जमुना गहरी..

## नगर व्यापार मंडल ने विलुप्त हो रही पुरुष होली पर प्रतियोगिता की आयोजित

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिले में खड़ी होली की धूम मची है। कपकोट, कांडा, काफलीगैर, दुग नाकुरी, धमरघर आदि स्थानों पर होल्यार पूरी मस्ती पर हैं। पुरुष, महिला, बच्चे और बुजुर्ग होली के हुआ, यहां सभासद तनुज तिरूवा पूर्व प्रधानाचार्य किशन राम तिरूवा पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम राम तिरूवा हरीश तिरूवा शेर संतोष चंदन दीपक मनोज नारायण खुशाल राम गणेश चंद्र अनिल सागर उपस्थित थे। उधर, युवा होली समिति ने महिला होली प्रतियोगिता आयोजित की। जिसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के पुत्र गौरव दास ने किया। महिलाओं ने होली के साथ ही स्वांग भी द्वितीय, और उल्का मंदिर ग्रुप तीसरे स्थान पर रही, वही विजेताओं को आयोजन समिति द्वारा पुरुष्कार प्रदान किया गया, इस दौरान महिलाओं ने स्वांग भी रचे। इस दौरान बबलू नेगी,मंदिर





रंग में रंग गए हैं। रविवार को नगर व्यापार मंडल ने विलुप्त हो रही पुरुष होली पर प्रतियोगिता आयोजित की। अम्बा के भवन विराजै होली राम लक्ष्मण खेलन आयै की धुन में कपकोट में तिरूवाण तिरूवा समुदाय द्वारा मां कालिका मंदिर परिसर में होली गायन राम तिरूवा राकेश चंद्र सहित अन्य लोगों ने यहां होली गाई इधर, नुमाइशखेत में दीप लाल साह के निवास पर होली आयोजित हुई। इस दौरान पंकज पांडे, उमेश साह, नवीन साह, पूरन पालनी, भगवान साह, कौशल उपाध्याय, बृज किशोर वर्मा, महिपाल भरड़ा आदि रचे। सामाजिक बुराइयों पर प्रहार किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर होली गायन किया। ज्वालादेवी वार्ड, मां उल्का महिला ग्रुप, भागीरथी महिला, नदीगांव बालाजी और बागनाथ महिला ग्रुप के मध्य प्रतियोगिता हुई।प्रतियोगिता में बागनाथमहिला ग्रुप प्रथम, भागीरथी ग्रुप कमेटी के पुजारी नन्दन रावल,हेमंत साह,महिपाल भरड़ा, प्रदीप भरड़ा, नवीन रावल, मनोज बचखेती, शुभम साह, मनोज ओली, उमेश लाल साह, पंकज पांडे, हरीश सोनी, शंकर गिरी महाराज, नवीन लाल साह, मनोज कपकोटी आदि उपस्थित थे।

# डॉ. पांडे को मिला शिक्षा सारथी सम्मान

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिक्षा, शोध व उत्कृष्ट लेखन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ.संदीप कुमार पांडे को चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी (हरियाणा )में इंडो यूरोपियन लिटरेरी डिस्कोर्स ,यूक्रेन व गुरु विद्यापीठ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रो.सुनीता (हिंदी विभाग-चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी) प्रो.अरुणाचल (बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक ) व प्रो. राकेश शंकर भारती( यूक्रेन) ने संयुक्त रुप से शिक्षा सारथी सम्मान से सम्मानित किया! इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. पांडे द्वाराविश्व गुरु के रूप में उभरता भारतष शोध पत्रों का वाचन किया गया। अपने शोधपत्र के माध्यम से बताया कि प्राचीन भारत तक्षशिला,नालंदा ,विक्रमशिला जैसे



शिक्षा के प्रसिद्ध केंद्रों का घर था जिसने देश और दुनिया के ज्ञान जिज्ञासु लोगों व विद्वानों को अपनी ओर आकर्षित किया। उच्च शिक्षा के इन केंद्रों में वेद, कृषि, दर्शन, चिकित्सा, खगोल विज्ञान,भविष्य विज्ञान,जादू, वाणिज्य व संगीत जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। इस अवसर पर प्रो. मित्तल ने सभागार में उपस्थित देश -विदेश से आए हुए विद्वतजनों को बताया कि डॉ.पांडे नेअत्यंत अल्प अवधि में शिक्षा व लेखन के क्षेत्र में विशेष स्थान प्राप्त किया है! आपके उत्कृष्ट कार्यों से संपूर्ण शिक्षा जगत गौरवान्वित व साहित्य समृद्ध हो रहा है। आपने लगभग 60 अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता का उत्कृष्ट शोध पत्रों का वाचन किया और आपके ४ दर्जन से अधिक अंतरराष्ट्रीय शोधपत्र प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं! वर्तमान में आप एस.आई.आई .कॉलेज रोशनपुर तहसील गदरपुर (जिला उधम सिंह नगर) उत्तराखंड में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं।

# खेल साक्षरता प्रसार अभियान के वार्षिकोत्सव का समापन

## विधायक शिव अरोरा ने विजेता खिलाड़ियों को बांटे पुरस्कार

रूद्रपुर (उद संवाददा)।फौजी मटकोटा इण्टर कॉलेज के खेल मैदान में खेल साक्षरता प्रसार अभियान के वार्षिकोत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोड़ा रहे साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में पार्षद मोहन टीम अखिलेश, बिजोला, विवेक दीक्षित, एच. आर. इमानी लि. विकास जौहरी, एच. आर. हैड इमामी लि. रवि शुक्ल, कार्यक्रम निदेशक तथा कनिष्क पाण्डेय. मटकोटा गाँव तथा आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे। तीन दिन तक चले वार्षिकोत्सव में फौजी मटकोटा, धरमपुर भूरारानी, बिन्दुखेड़ा और छतरपुर गाँव दिव्यांग बच्चों की दौड़ रही और दिव्यांग बच्चों को विधायक शिव अरोडा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बता दें पिछले एक वर्ष से स्पोर्ट्स ए वे ऑफ रहा है। संस्था द्वारा खेल साक्षरता मिशन, मॉडल स्पोर्टस विलेज, खेल साक्षरता प्रसार वाहन नेशनल स्पोर्टस असेम्बली. पारम्परिक खेलों पर अनुसंधान अध्ययन समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रुद्रपुर शिव अरोड़ा तथा अर्न्तराष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधायक शिव अरोड़ा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, कमी है तो बस उन्हें ढूंढने और तराशने की। मुझे लगता है कि यह काम स्पोर्ट्स ए वे ऑफ लाईफ एनजीओ और इमामी लि. द्वारा बखूबी से किया जा रहा हैं गाँव फौजी मटकोटा के बच्चों ने विद्यालय, मण्डल तथा जिला स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पदक भी प्राप्त किये हैं। इस अवसर पर पार्षद मोहन लाल खेडा ने बताया कि जब स्पोर्ट्स ए वे ऑफ लाइफ इमामी लि. द्वारा एक वर्ष पूर्व से जब फौजी मटकोटा में कार्य करने आये तब से वे इस से गाँव के प्रत्येक कार्यक्रम में शिरकत करते है। गाँव में प्रतिदिन बच्चों को खेल प्रशिक्षण प्रदान है और सुबह भी नियमित रूप से खेल करवाये जाते हैं।





लाल खेड़ा, पूर्व अर्न्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हरीश नाकुनी, पूर्व अन्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी राजेन्द्र सिंह रावत, नवीन पूनिया उप-कप्तान, भारतीय हैण्डबॉल अध्यक्ष, स्पोर्ट्स ए वे ऑफ लाइफ एनजीओ, संस्था प्रतिनिधि त्रिवेन्द्र कुमार धनसिंह गहलोत, पवन पाण्डेय परमानन्द, कोच और विकास फेसिलिटेटर, फौजी लगभग 300 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विजेता बने समापन समारोह का मुख्य आकर्षण लाइफ एनजीओ और इमामी लिमिटेड द्वारा गाँव फौजी मटकोटा और आसपास के विभिन्न गाँव के बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा और प्रचार आदि विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के

# पाण्डे के होली मिलन समारोह में जुटे जिले भर के भाजपाई

गदरपुर (उद संवाददाता) नगर के राजकीय इंटर कालेज में आयोजित होली मिलन समारोह में भारी भीड़ उमड़ी। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय के नेतृत्व में नगर में पहली बार इतना भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से कई विधायक और पूर्व विधायक भी पहुंचे। इस भव्य आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भजनों से माहौल होलीमय हो गया। मंच पर मुख्य रूप से काशीपुर विधायक त्रिलोक चीमा, वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रदेश मंत्री विकास शर्मा,रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, सहित मुख्य











रूप से पूर्व सांसद बलराज पासी,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मेयर रामपाल मौजूद रहे।मंच पर सभी कार्यकर्ताओ विधायको पदाधिकारियों ने जनता को संबोधित करते हुए होली पर्व की बधाई दी वही उस समय पूरा माहौल जय श्री राम के नारों और तालियों की गूंज से गुंजायमान हो उठा।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रावण के किरदार का डायलॉग बोलकर सभी को रोमांचित कर दिया। वहीं क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी सहभागिता निभाने आए हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद अर्पित किया वहीं उन्होंने कहा जिस प्रकार आज के कार्यक्रम को सफल बनाया है उसी तरह 12 मार्च को नगर में होने वाली बागेश्वर धाम समर्थन यात्रा में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए हिंदुत्व को मजबूत करें।विधायक त्रिलोक चीमा ने कहा आज की भीड़ देखकर लगता है अरविंद पांडे के हर बार चुनाव जीतने का सिर्फ एक ही कारण है कि अरविंद पांडे ने राजनीति में अपनी जगह नहीं बनाई बल्कि लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। बलराज पासी ने भी होली मिलन कार्यक्रम की भरपूर सराहना की। इस अवसर पर अतुल पांडे,अशोक हुड़िया, राजेश डाबर, प्रीत ग्रोवर,राकेश भुड्डी, कपिल गण्डा, पंकज सेतिया अभिषेक गुंबर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी, सुभाष गुंबर राजीव पपनेजा,अतुल पांडेय,योगेश पानू, सचिन बत्रा, संदीप बत्रा, टिप्सन नरूला ,पीयूष माटा, हरीश रहलन, अशोक हुड़िया,सीमा सरकार,अनिता दुबे,अंजु भड्डी, कुलवीर चौधरी सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## काली पूजा महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नगर के देवनगर में आयोजित छह दिवसीय काली पूजा महोत्सव का सांस्कृतिक व रंगारंग डांस कम्पटीशन के साथ समापन हुआ । पीलीभीत, रुद्रपुर, दिनेशपुर, नैनीताल,रामनगर,व स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देव नगर में चल रही छः दिवसीय काली पूजा महोत्सव में 1 मार्च से 3 मार्च तक प्रत्येक रात्रि बांग्ला लोक संस्कृति से जुड़े बाउल गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ। कोलकाता से आए लोक कलाकार(बाउल गायक) परमिता अधिकारी एवं बापी किशोर ने बांग्ला लोक संस्कृति से जुड़े बाउल गीत की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। बाउल गीत के बोल एवं संगीत पर श्रोताओं को देर रात तक पंडाल में जमे रहने को मजबूर कर दिया। बाउल गान एवं बाउल संगीत का बांग्ला लोक संस्कृति में एक विशेष स्थान है। बाउल गान सुनने दूर दराज एवं विभिन्न स्थानों से काफी संख्या में श्रोता पहुंचे। काली पूजा महोत्सव में लगे मेले में भी लोगों की काफी भीड़ उमड़ी । समापन समारोह



कार्यक्रम 5 मार्च रविवार को डांस कम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसमे रामनगर के शांतनु शाह को प्रथम,पीलीभीत के यजदान को द्वितीय,रुद्रपुर और दिनेशपुर के टॉयपोप और सागर को तृतीय पुरुष्कार दिया गया।विजेताओं को कमेटी की और से ट्रॉफी और कैश प्राइज दिया गया।कार्यक्रम के निर्णायक विक्की मण्डल और मुकेश रावत थे। संचालन अनुप सरकार,विक्रम भंडार और सुनील सरकार ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डी सी बी चेयरमैन गोपाल रावत,संजय बाछाड, पूजा कमेटी के अध्यक्ष शंकर गोलदार, नारायण सरदार,बन्केश सरदार,अनूप सरकार,विष्णुपद प्रमाणिक, प्रकाश राय, मंडल, अमीर दास, दीपांकर मल्लिक, सुनील सरकार, निरंजन हीराआदि मौजूद थे।

## महिला दिवस पर निकाली साइकिल रैली

बागेश्वर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व जिला अस्पताल से निकाली की साइकिल रैली साइकिल निकाली गई। रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव,प्रभारी सीएमओ डॉ हरीश पोखरिया ने हरी झंडी देकर रवाना किया। साइकिल रैली निकालकर युवाओ के माध्यम से मातृ शक्ति के उत्थान,महिलाओं की पुरुषों के समान भागीदारी को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली से पूर्व जिपं अध्यक्षबसंती देव ने महिलाओं के साथ गोष्टि की, अध्यक्ष देव नेकहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से अधिक जागरूक हो गई है, मातृ शक्ति समाज मे हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें उचित समाजिक मानपान देने,हेतु महिलाओं को पुरुषों के समान बराबर अधिकार दिए गए हैं। वही प्रभारी सीएमओ डॉ पोखरिया ने बताया कि महिलाओं को उचित स्वास्थ सुविधा, सहित विभिन्न प्रकार की योजनाओं से महिलाओं के अधिकारों और उचित



स्वास्थ सेवाए मुहैया कराने के लिए समय समय पर शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान प्रथम द्वितीय तृतीय निकलने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिस्ठ महिला सर्जन डॉ रीमा उपध्याय,फार्मेसिस्ट राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## ठुकराल के निवास पर होली मिलन 8 मार्च को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी संजय ठुकराल ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के आवास के निकट इंदिरा कॉलोनी रामलीला ग्राउंड में होली मिलन का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से आयोजित होगा उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को होली मिलन समारोह में आमंत्रित किया उन्होंने कहा कि होली का पर्व खुशहाली एवम समृद्धि का प्रतीक है हमें सभी गिले शिकवे भुला कर इस रंगो के के पर्व को धूमधाम से मनाना चाहिए उन्होंने क्षेत्र के सम्मानित जनता से निवेदन किया की 8 मार्च को प्रात: 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक इंदिरा कालोनी रामलीला मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में अवश्य पहुंचे।वही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी सभी क्षेत्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए होली की शुभ कामनाएं प्रेषित की एवम होली मिलन कार्यक्रम में आमन्त्रित किया।

## पेज एक का शेष...

**अतिक्रमण पर गरजी..**लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान में नगर निगम प्रशासन भी मौजूद रहा। इस दौरान सख्ती दिखाते हुए दर्जनों झोपड़ियों और अस्थाई दुकानों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मच गया। अतिक्रमणकारी अपना सामान खुद ही समेटते नजर आये। इस दौरान एसएसपी मंजूनाथ टिसी खुद अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमणकारियों को कड़ी हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बता दें रामनगर में होने जा रहे जी 20 सम्मेलन को लेकर हाईवे पर आवागमन दुरूस्त करने के साथ ही हाईवे के आस पास सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासन ने अभियान चला रखा है। इसी को लेकर आज हाईवे के किनारे स्थित इस सरकारी भूखण्ड को अतिक्रमण कारियों से मुक्त कराया गया है। बताया जाता है कि अतिक्रमण हटाने के बाद इस भूखण्ड का सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

**कनिष्ठ सहायक परीक्षा में...**कराकर अपनी तारीफ कराती रही। उधर जांच में दोषी पाये गये 45 से ज्यादा लोगों में आधे से अधिक साक्ष्यों के अभाव में हाईकोर्ट से जमानत पर छूट गये। लोकसभा आयोग के भ्रष्टाचार को कांग्रेस ने विधानसभा सत्र में तथ्यों के साथ रखा था लेकिन सरकार ने संज्ञान नहीं लिया। विधानसभा सत्र के मात्र डेढ माह बाद पटवारी का पेपर लीक हो गया। पटवारी पेपर लीक होने के बाद से ही लगातार पूरे प्रदेश में दोनों आयोगों की सीबीआई जांच की मांग उठा रही है। लेकिन सरकार ने नकल विरोधी कानून बनाकर युवाओं की आवाज को दबाने का काम किया है। प्रेस वार्ता में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा,मीना शर्मा, मोहन खेड़ा, ममता रानी आदि भी मौजूद थे।

**कांग्रेसजनों ने ...**कार्य दे रहे हैं जिससे सरकारी खजाने के राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा हैं। उन्होंने कहा कि मेयर मलिन बस्तियों में विकास कार्य कराने की बजाय अपने मित्रों की एप्रूव्ड कॉलोनियों में सड़कों आदि का विकास कार्य करा रहे हैं। ऐसी कॉलोनियां जिसमें सोसाइटी बनाकर कॉलोनियों के निवासियों से विकास के नाम पर पैसा इकट्ठा किया जाता है और उन कालोनियों में मेयर सरकारी खजाने से कार्य कर रहे हैं जिसकी जांच अवश्य होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा से मांग की कि इस गंभीर विषय पर जाँच कर तुरंत कार्रवाई की जाए अन्यथा कांग्रेसी कार्यकर्ता सड़कों पर आने को मजबूर होंगे। इस दौरान साजिद खान, गोपाल भसीन, कैलाश राठौर, मोहन भारद्वाज, सुशील मंडल, प्रीति साना, बबीता बैरागी , सुनीता मुंजाल, सौरभ मिश्रा, अबरार अहमद, राजेश कुमार, परवेज कुरैशी, महिला नगर अध्यक्ष मोनिका ढाली, विजय अरोड़ा, सोफिया नाज, रामदयाल सिंह, मानस बैरागी, जगदीश कर्मकार, हरीश जोशी, राजबीर राठौर, सुनील आर्य, सतीश राजपूत, भूपेंद्र कुमार, उमर अली, दिलशाद अहमद, फैजल खान, बेबी सिकदर, विमला देवी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

**नगर निगम के...**भी बनकर तैयार हो जायेगा। जिसका निगम कर्मचारियों के साथ साथ शहरवासियों को भी लाभ मिलेगा। मेयर ने पार्षदो एवं निगम के कर्मचारियों से नगर निगम सभागार को साफ सुथरा रखने का आहवान किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता,सुरेश परिहार,विवेक सक्सेना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, पार्षद संघ की अध्यक्ष रजनी रावत,पार्षद विधान राय, रंजीत सागर, बबलू सागर, भुवन गुप्ता, विनय विश्वास, राकेश सिंह, राजेश जग्गा, संजय हालदार आदि मौजूद थे।

**ग्लोबल इंडिया के...** भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा की धामी सरकार पूरी तरह से युवाओं के साथ है देवभूमि उत्तराखंड से इतना बड़ा फ्रॉड करके कोई भाग नहीं पाएगा वह जहां भी जाएगा उत्तराखंड की पुलिस उसे पकड़ कर एक एक पीड़ित व्यक्ति का पैसा वापस दिलवा आएगी उन्होंने युवाओं से आवान किया कि कि जल्दी अमीर बनने का सपना दिखाने वाले लोगों से सावधान रहें और किसी भी प्रकार के ऐसी स्कीमों में फंसने से बचे जो व्यक्ति स्वावलंबी अपनी मेहनत करके जो पैसा कमा सकता है वही केवल सत्य है झूठे सपने बेचकर कोई अमीर नहीं होता उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि उनके पैसे हर कीमत पर वापस दिलवाए जाएंगे।

**लाखों की चरस के..**वाली टीम में उपनिरीक्षक विपिन चन्द्र जोशी (एएनटीएफ), उप निरीक्षक बृजभूषण गुरुरानी (एसटीएफ) ,अ0उ0नि0 प्रकाश भगत, हे0का0 मनमोहन सिंह (एएनटीएफ),का0 वीरेंद्र सिंह चौहान,अमरजीत सिंह, नवीन कुमार,सुरेन्द्र सिंह कनवाल (एसटी एफ), थाना काठगोदाम के उपनिरीक्षक मनोज व का0 लोकेश उपाध्याय शामिल थे।




### सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अमनदीप सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती पूजा का विवाह के बाद से मेरे और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं है। अमनदीप सिंह और उसकी पत्नी पूजा गलत संगत में पड़ गये हैं उनके गलत कार्यो में संलिप्त होने की आशंका है। जिस कारण मैने अमनदीप सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती पूजा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने सभी रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में दोनों अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

गोपाल सिंह पुत्र श्री मांगा सिंह निवासी सूरजपुर नं0-1, तह.गदरपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# परमार्थ निकेतन आध्यात्मिक ऊर्जा का पावर हाउस : गडकरी

## केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा: देहरादून से दिल्ली का सफर दो घंटे में पूरा होना चाहिए,गड्ढा मुक्त सड़कें होने से दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी परिवार सहित परमार्थ निकेतन पहुंचे। उन्होंने परमार्थ के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से भेंट कर आशीर्वाद लिया तथा विश्व विख्यात परमार्थ गंगा आरती में शामिल होकर गंगा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी कंचन गडकरी, पुत्र व पुत्रवधू निखिल गडकरी, रूतुजा पाठक और सारंग गडकरी, मधुरा रोड़ी उपस्थित रहे। परमार्थ निकेतन पहुंचने पर स्वामी चिदानंद सरस्वती ने देश में तेजी से बनते राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस वे, हर गांव और शहर की राजमार्ग से बढ़ती कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी का अभिनंदन किया। कहा कि सड़कों की दृष्टि से वास्तव में भारत की पूरी तस्वीर बदल रही है। बेहतर होती सड़कें और बढ़ती कनेक्टिविटी से व्यापार में वृद्धि होगी तथा गांवों के लोगों की पहुंच शहरों तक होगी। लोकल उत्पादों को बाजार मिलेगा तथा रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भारत में प्रमुख राजमार्गों को उच्च स्तर पर उन्नत, पुन:व्यवस्थित और चौड़ा करने से देश में आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी और देशवासियों का जीवन स्तर भी समुन्नत होगा। साथ ही गड्ढा मुक्त सड़कें होने से दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने केन्द्रीय मंत्री गड़करी को परमार्थ निकेतन द्वारा आयोजित होने वाले



अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के विषय में जानकारी दी। बताया कि कि आज से 35 वर्ष पूर्व 18 से 20 प्रतिभागियों के साथ योग की इस वैश्विक यात्रा की शुरूआत की थी और वर्तमान में 100 से भी अधिक देशों से हजारों प्रतिभागी सहभाग करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से योग को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाने का अद्भुत कार्य किया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने कहा कि परमार्थ निकेतन आश्रम न केवल अध्यात्म और योग का केद्र है बल्कि यहां से प्रतिदिन राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रगान, पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश देते हैं, जो वास्तव में अनुकरणीय है। यह वास्तव में आध्यात्मिक ऊर्जा का पावर हाउस है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गडकरी ने संध्यकालीन गंगा आरती में शामिल होकर परिवार सहित मांग का आशीर्वाद लिया। स्वामी चिदानंद ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, उनकी धर्मपत्नी कंचन गडकरी, पुत्र व पुत्रवधू निखिल गडकरी, रूतुजा पाठक और सारंग गडकरी, मधुरा रोड़ी को रुद्राक्ष की माला और रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंचे केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एक जनवरी 2024 से दिल्ली और देहरादून के बीच की दूरी सिर्फ दो घंटा होगी। इसके बाद यात्री हवाई मार्ग से नहीं बल्कि सड़क मार्ग से आवागमन करेंगे। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश-मुनिकीरेती- स्वर्गाश्रम के बीच गंगा के ऊपर डबल डेकर रोपवे का निर्माण करवाया जाएगा। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी चार दिन के उत्तराखंड प्रवास पर आए हैं। रविवार को वह परमार्थ निकेतन स्वर्गाश्रम पहुंचे। जहां उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज से सड़क और रोपवे के विस्तार पर लंबी चर्चा की। सांध्य कालीन गंगा आरती में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इतिहास, संस्कृति और विरासत हमारी बड़ी ताकत है, गंगा हमारी धरोहर है। नमामि गंगे का मंत्री रहते हुए उन्हें गंगा को अविरल करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि उन्हें हर समय इस बात का दुख रहता था कि चार धाम की यात्रा हम सिर्फ छह माह ही कर सकते हैं। यहां बादल फटने की घटनाओं में कई लोग की मृत्यु हुई। तभी मैंने संकल्प लिया कि जब मौका मिलेगा तो यहां सड़कों के विस्तार का काम किया जाएगा। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री ने कहा कि, अब उन्हें यह काम करने का मौका मिला है। बीते शनिवार को मैं दिल्ली से ऋषिकेश जा रहा था, सड़कों का कई जगह पर मुआयना किया। मगर, मैं अभी तक हुए कार्य से संतुष्ट नहीं हूं। अभी इसमें और भी काम होना बाकी है। उन्होंने आगे कहा कि, देहरादून से दिल्ली का सफर दो घंटे में पूरा होना चाहिए। इसके लिए एक्सप्रेस-वे का निर्माण हम करा रहे हैं। वर्ष 2024 वर्ष के पहले दिन से यह काम धरातल पर नजर आएगा। उन्होंने कहा कि अक्षरधाम से सीधे हरिद्वार और ऋषिकेश को हम जोड़ने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि निश्चित समय अवधि के बीच चार धाम प्रोजेक्ट पूरा होगा। आने वाले समय में दिल्ली से देहरादून के बीच हवाई सेवा नहीं बल्कि सड़क सेवा चलेगी। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा जब मैं महाराष्ट्र में मंत्री था दो मुंबई और पुणे के बीच आठ हवाई सेवाएं संचालित होती थी। यहां एक्सप्रेस-वे बनने के बाद यह हवाई सेवाएं बंद हो गई। उन्होंने बताया कि स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने प्रदूषण मुक्त भारत का जो सपना देखा है उसे हम पूरा करेंगे। बायोफ्यूल, बायोगैस, इलेक्ट्रिक ऊर्जा पर आधारित यातायात व्यवस्था पर हम काम कर रहे हैं। अब डीजल और पेट्रोल मुक्त वाहन संचालन की दिशा में हम तेजी के साथ काम कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने ये भी बताया कि, देश के भीतर 260 स्थान पर रोपवे और केबल कार पर सरकार काम कर रही है, जिसमें केदारनाथ धाम भी शामिल है। ऋषिकेश-मुनिकीरेती से स्वर्गाश्रम के बीच गंगा के ऊपर डबल डेकर रोपवे का हम निर्माण कराएंगे। जिसमें एक बार में 200 लोग सफर कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह घोषणा करने पर विश्वास नहीं करते। गंगा तट पर उन्होंने जो भी कहा है वह धरातल पर नजर आएगा।

# संत समागम से पूर्व निकली भव्य शोभायात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। पूज्यपाद संत श्री बापू कल्याण दास जी महाराज परम पूज्यनीय संत श्री बापू ज्वाला सिंह जी की असीम कृपा से व ब्रहम्मलीन महामंडलेश्वर संत श्री नगर में विशाल ध्वजारोहण व शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा बापू जी मंदिर से प्रारम्भ होकर अनाज मंडी, गूलरभोज रोड,मुख्य बाजार से होते हुये प्रारम्भ स्थल मन्दिर में समाप्त बांगा ने बताया कि 6 मार्च को सामूहिक हवन यज्ञ प्रात: 7 बजे ,नामदान दीक्षा प्रात: 9 बजे एवं सत्संग प्रवचन एवं संकीर्तन प्रात:10 बजे से तीन बजे तक होगा। इस मौके पर समिति अध्यक्ष महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, पं. राजन शर्मा ,पं.मनोज शर्मा गुलशन मुरादिया, सुरेन्द्र छाबड़ा, बाबूलाल गाबा,हरीश गुम्बर,सुदेश नागपाल, देव छाबड़ा,सतीश अनेजा, चिराग मुरादिया, अजीत भुसरी, नरेंद्र सिंह ग्रोवर, हरविंदर सिंह ग्रोवर, सादा सिंह, हरि सिंह ,जसवंत सिंह, दीवान चंद अनेजा, लेखराज नागपाल, जगमोहन बजाज, कृष्ण लाल बत्रा , विजय भुड्डी, सुशील घीक,पवन बजाज, राजेश बजाज,अशोक धीर,अनिल नारंग, गुलशन छाबड़ा, ओम प्रकाश डूमड़ा, सुभाष खुराना, सतीश दुआ, दिल सुखराज गुंबर, अनिल







सुभाष बापू जी के शुभ आशीर्वाद से परम पूज्यनीय गुरु माँ मिथलेश जी के पावन सानिध्य में संत कल्याण दास जी महाराज की स्मृति में चल रहे 36वें महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के अवसर हुई। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह पर जोरदार स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में जमकर आतिबाजी भी की गयी। समिति उपाध्यक्ष अशोक बंशीधर गुम्बर, महामंत्री सतीश बत्रा, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा ,अशोक बांगा, कृष्ण लाल सुधा, संजीव झाम,कृष्ण लाल अनेजा,व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी,अध्यक्ष दीपक बेहड़, केवल नारंग, हरबंस कालड़ा,विपिन रल्हन, केवल दुआ, सुनील छाबड़ा, हरीश गुम्बर, केवल नारंग, विनोद मुरादिया, राजकुमार अनेजा, अजय गम्भीर,अनिल अनेजा,राहुल बांगा, सुरेंद्र चावला ,रोमी मुरादिया, विनोद मुरादिया, हीरा सिंह कालड़ा, सुरेंद्र गुंबर, सोमनाथ छाबड़ा, बलदेव अनेजा, सतीश घीक, टीकम खेड़ा, राजकुमार भुड्डी, अशोक भुड्डी, परमिन्दर गब्बर, गगनेजा, राकेश अनेजा, अंकित खेड़ा, चंद्र छाबड़ा,अमित बेहड़, आशीष अनेजा, सुभाष डूमड़ा, कोमल बत्रा , रीना छाबड़ा, पूनम शर्मा रामप्यारी, नैना, बीना छाबड़ा, चारु सहित तमाम श्रद्धालु शामिल रहे।

# विवाहिता ने लगाई फांसी,दूसरे दिन पहुंची पुलिस

## रातभर बुरांश के पेड़ पर लटका रहा शव,2016 में जीता था स्वर्ण पदक

कपकोट (उद संवाददाता)। कपकोट थाना पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक 27 साल की विवाहिता फांसी के फंदे पर झूल गई और उसकी मौत हो गई।



ग्रामीणों ने रातभर पेड़ के नीचे पहरा दिया। दूसरे दिन सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें नौकोड़ी के ग्रामीणों ने फोन पर बताया कि गांव की 27 साल की विवाहिता हंसा देवी पत्नी भूपेंद्र सिंह का शव घर से 600 दूरी पर स्थित बुरांश के पेड़ पर लटका है और उसकी मौत हो गई है। सूचना के बाद थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि हंसा शनिवार की शाम अचानक घर से गायब हो गई और देर तक घर नहीं लौटी। इससे परिजनों की चिंता बढ़ गई। ग्रामीणों के मदद से खोजबीन की गई तो शव पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने रातभर पेड़ के नीचे आग जलाकर पहरा दिया। रविवार की सुबह पुलिस व प्रशासन की टीम पहुंची तब शव नीचे उतारा गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मामले में किसी ने भी कोई तहरीर नहीं सौंपी है। मृतका का पांच साल का बेटा है। जबकि पति खेती किसानी करता है। वही मामले में पुलिस मायके पक्ष की शिकायत पर जांच में जुट गई है। वही युवती ने आत्महत्या क्यों कि क्या कारण रहा। किस मनोदशा के चलते युवती आत्महत्या को मजबूर हुई,पुलिस अपने स्तर से जांच में जुट गई है। बागेश्वर। शव का अंतिम संस्कार करने जिला मुख्यालय पहुंचे मृतका हंसा के भाई राजेंद्र दानू ने बताया कि उसकी बहिन बेहतरीन एथलीट थी। 2016 में विद्यालयी शिक्षा के तहत झारखंड में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित दौड़, भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता था।

# हत्यारे पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में विगत देर शाम महिला की गला रेंत कर हुई सनसनीखेज हत्या के फरार आरोपी को पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया। एस एस पी ने पुलिस टीम को 2500 रुपए नगद ईनाम देने की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार 4 मार्च को अफ्सर खान पुत्र अख्तर खान निवासी लाईन नम्बर 18 बनभूलपुरा द्वारा बनभूलपुरा थाने को सूचना दी कि बनभूलपुरा के इंदिरानगर स्थित वार्ड नम्बर 31 में उसकी ममेरी बहन सीमा खान पुत्री बाबू खान की उसके पति मौ. युनुस पुत्र अब्दुल मलिक ने गला रेतकर हत्या कर दी है। सूचना के बाद नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि महिला की हत्या उसके पति मौ. युनुस ने की है और वह मौके से फरार है। हत्या की घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा ओरोपित को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु सीओ हल्द्वानी के नेतृत्व में टीमें गठित की गयी। पूछताछ पर पता चला की आरोपी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ



किराये के मकान पर इंदिरानगर स्थित वार्ड नम्बर 31 में रहता है। गठित टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये। मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त युनुस को सीवर ट्रेटमैन्ट प्लाण्ट के दक्षिण को जाने वाले रास्ते में गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि हत्या में प्रयुक्त धारदार चाकू को सफदर के बगीचे में स्थित सलाम पब्लिक स्कूल के पास स्थित गंदे पानी के नाले में फैंक दिया। जिसकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद चाकू को बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष बनभूपुरा, उनि संजीत राठौड, उनि मनोज यादव, उनि विरेन्द्र चन्द, उनि विनोद घई, हेका. नारायण वर्मा, का. दिलशाद अहमद, रिजवान अली, परवेज अली व छोटे लाल शामिल थे।